Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 23-02-2006

Participants : Gangwar Shri Santosh Kumar

>

Title : Need to take over M/s Synthetic and Chemicals Limited located at Bareilly, Uttar Pradesh with a view to protect the interests of labourers working in the factory.

श्री संतोा गंगवार (बरेली) : अध्यक्ष महोदय, मैं केन्द्र सरकार के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि बरेली स्थित एशिया की एकमात्र सबसे बड़ी कृत्रिम रबड़ बनाने वाली फैक्टरी मैसर्स सिन्थेटिक एण्ड केमिकल लिमिटेड के प्रबंधकों की अदूरदर्शिता एवं कुप्रबंधन के कारण 15 जुलाई, 1999 से बंद है। इसके करीब 3 हजार स्थायी श्रमिक एवं एक हजार से अधिक दैनिक वेतनभोगी श्रमिक कार्यरत हैं तथा इससे करीब 10 हजार परिवार प्रभावित हो रहे हैं। उक्त फैक्टरी कृत्रिम रबड की एकमात्र फैक्टरी होने के कारण करोड़ों रूपये की विदेशी मुद्रा भी बचाती है।

यूं तो प्रबंधन द्वारा सभी कर्मचारियों को स्ववैतनिक अवकाश पर भेजा गया है परंतु प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों को वेतन व अन्य देयों का भुगतान फरवरी, 1999 से आज तक नहीं किया गया है। इन लगातार झूठे एवं भ्रामक आश्वासनों के कारण सभी कर्मचारी गंभीर आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहे हैं।

यह फैक्टरी बी.आइ.एफ.आर. में चली गयी है तथा प्रबंधकों द्वारा उचित प्रक्रिया न अपनाये जाने के कारण अब तक कोई नतीजा नहीं निकला है। निरंतर प्रयासों के बाद भी कोइ सकारात्मक कदम नहीं उठ पाया है।

मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि जनहित में इस महत्वपूर्ण संस्थान को अधिगृहीत कर इसके चलाये जाने के निर्देश करें तथा मजदूरों के अवशेा देय व वेतन आदि का समय पर भुगतान प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाये।